विचारार्थ विषय

परियोजना एसोसिएट (प्रशासन) टीकाकारण से संबंधित खरीद/ (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- टीकाकरण कार्यक्रम के लिए सीरिंजों, वैक्सीनों और कोल्ड चेन उपकरणों के लिए वार्षिक खरीद योजना तैयार करना।

- आपूर्तिकर्ता का डाटा बेस तैयार करना जिसमें संविदा विवरण, उत्पाद, लाइसेंसिंग, निष्पादन और उत्पाद-पूर्व गुणवत्ता समस्याओं, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक डाटा बेस फार्मेट का ब्यौरा शामिल हो।

- प्रत्यय-पत्रों, विनिर्माण क्षमता, गुणवत्ता आश्वासन प्रणाली, पिछला निष्पादन, जीएमपी, बिक्री पश्चात् सर्विस तथा वित्तीय पृष्ठभूमि आदि तथा विक्रता रेटिंग के आधार पर सिरिजों / वैक्सीनों / कोल्ड चेन उपकरणों की आपूर्तियों के लिए डाटा बेस तैयार करना।

- ई-निविदा दस्तावेजों सहित सभी विशेष शर्तों और सामान्य निबंधन एवं शर्तों सहित बोली दस्तावेज तैयार करना।

- संविदा दस्तावेज तथा अन्य संबंधित दस्तावेज प्रदान करने का प्रारूप बनाना।

- बोली मूल्यांकन, संविदा प्रदान करने और संविदा पश्चात् प्रबंधन करना।

- इलेक्ट्रॉनिक डाटा बेस फॉर्मेट सहित औषधियों के प्रशिक्षण के लिए मान्यता-प्राप्त जांच प्रयोगशालाओं का डाटा बेस तैयार करना।
- माल-सूची नियंत्रण सॉफ्टवेयर / पीआरओएमआईएस की दक्ष कार्य-प्रणाली के लिए इनपुट देना।

- रिक्तियों की खरीद, वितरण और भण्डारण के लिए प्रशिक्षण आवश्यकता में सहायता करना तथा प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना।

- खरीद और संबंधित मुद्दों की लेखा-परीक्षा के लिए व्यवस्था करना।

पात्रता:

- किसी भी विषय में स्नातक। वांछनीय: कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में डिप्लोमा।
- राष्ट्रीय स्तर पर खरीद का न्यूनतम 5-8 वर्ष का अनुभव।
- सरकारी नीतियों और दिशानिर्देशों के संदर्भ में बोली लगाने संबंधी दस्तावेजों का विस्तृत ज्ञान हो।
- कंप्यूटर एप्लीकेशनों विशेषकर एमएस ऑफिस का ज्ञान और दक्षता।
- भारत सरकार की कार्यशैली का ज्ञान होना अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी।
- अंग्रेजी लिखने एवं बोलने का अच्छा ज्ञान और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान अपेक्षित है।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य हो या जब-कभी विशिष्ट महत्व का कार्य अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 की अधिकतम आयु 45 वर्ष।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 55,000/- 70,000/- रुपए के बीच।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक **04.06.2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **pa.admin@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।